भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 6325

दिनांक 02 अप्रैल, 2026 को उत्तरार्थ

.....

विभिन्न योजनाओं के तहत निधि का आवंटन और उपयोग

6325. श्री भारत सिंह कुशवाहः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2022-23 से आज तक ग्वालियर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजनाओं के तहत आवंटित निधियों की तुलना में धीमी भौतिक और वित्तीय प्रगति के कारण क्या हैं, और

(ग) निधि का अधिकतम और समय पर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) और (ख): जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 के दौरान ग्वालियर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र को लाभान्वित करने वाली परियोजनाओं के लिए प्रदान की गई केंद्रीय सहायता का ब्यौरा निम्नानुसार है।

क्र. सं.	**योजना/परियोजना का नाम**	**वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदान की गई केंद्रीय सहायता (रूपए करोड़ में)**
1.	राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत नदी तट विकास परियोजनाएं (2 संख्या)	14.94
2.	केन-बेतवा लिंक परियोजना (केबीएलपी) के अंतर्गत लोअर ओर परियोजना	902.935

परियोजना के अंतर्गत प्राप्त प्रगति और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के आधार पर केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है।

(ग): भारत सरकार ने एसएनए-स्पर्श प्रणाली शुरू की है, जिसके अंतर्गत कार्यान्वयन एजेंसियों/लाभार्थियों को सीधे और समय पर निधि जारी की जा सकती है। यह प्रणाली निधियों के प्रतिधारण (पार्किंग) को कम करती है, नकदी प्रबंधन में सुधार करती है और निधियों के उपयोग में दक्षता बढ़ाती है।

*****